नेशनल प्रहरी NEWS



# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में "नो प्लास्टिक यूज" अभियान के तहत वितरित किए गए जूट के बैग

By **Poonam Sagar** - July 26, 2023 2 0



**बल्लभगढ़ (नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह)।** अग्रवाल महाविद्यालय के प्रांगण में एसडीजी क्लब द्वारा चलाए जा रहे नो प्लास्टिक यूज अभियान के तहत जूट बैग वितरण समारोह का आयोजन 26 जुलाई 2023 को किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत ने कर्मचारियों को इस अभियान के उद्देश्य से अवगत कराया। उन्होंने दिन प्रतिदिन बढ़ रहे प्लास्टिक यूज के दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराया। पर्यावरण उत्थान की दृष्टि से हमें केवल सस्ता ही नहीं बल्कि, लंबे समय के लिए सस्टेनेबल उदाहरण के तौर पर जूट बैग आदि का इस्तेमाल करना चाहिए। इस समारोह में महाविद्यालय में 105 जूट के बने हुए बैग वितरित किए गए। प्लास्टिक से बने हुए पॉलिथीन बैग्स किस प्रकार ना केवल हमारे पर्यावरण अपितु मानव जाति के लिए एक खतरे का संकेत है। इसी अभियान को लेकर और कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस अभियान का सफल प्रयोजन हुआ। सभी कर्मचारियों ने प्रण लिया कि प्लास्टिक का यूज़ धीरे-धीरे कम करते हुए इसे खत्म करेंगे।

इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.योगेश गोयल, एसडीजी क्लब के कन्वीनर डॉ. मनोज शुक्ला व एसडीजी क्लब के सभी कोऑर्डिनेटर्स भी उपस्थित रहे।